प्रो० अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिकविश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2021/4928 दिनांकः 29 जुलाई, 2021

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा शुल्क जमा न होने के कारण ऐसे सभी छात्र/छात्रओं को ऑन–लाइन परीक्षा में प्रतिभाग हेतु अनुमति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर के सभी वर्षो में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षायें दिनांक 20.07.2021 से **ऑन–लाइन मोड** में आयोजित कराई जा रही है। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले ऐसे छात्र जिनका कोई चार्जबैक का प्रकरण लंबित था अथवा जिन्होंने अब चार्जबैक से सम्बंधित, परीक्षा शुल्क उक्त परीक्षाओं की निर्धारित तिथि से 24 घण्टे पहले छात्र ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से जमा कर दिया है, ऐसे सभी छात्रों को उक्त ऑन–लाइन परीक्षा में प्रतिभाग किये जाने हेतु सक्षम स्तर द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गयी है।

साथ ही यह भी सूचित है कि ऐसे प्रकरणों से सम्बन्धित यदि छात्र अपनी आगामी परीक्षा तिथि से 24 घण्टे पूर्व चार्जबैक अथवा परीक्षा शुल्क (जो भी लंबित हो) को जमा कर देते हैं तो वे छात्र आगामी सभी Secheduled Paper हेतु पात्र हो जायेगें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि ऐसे छात्र जिनके द्वारा परीक्षा फार्म ससमय नहीं भरे गये है एवं जो छात्र अपनी संस्था द्वारा डिटेंड (रोके गए) हैं, उनको उक्त ऑन–लाइन परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi
29/07/21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक